MS RASHMI BALA
SECRETARY

HELPLINE: +91 8510888811
E-MAIL: INFO@WHRRC.ORG

WORLD HUMAN RIGHTS RESEARCH COUNCIL

DEDICATED TO HUMAN RIGHTS

SN: 0117112026 **DATE: 17/11/2026**

जन सूचना

विश्व बाल दिवस, 20 नवंबर। विश्व बाल दिवस संयुक्त राष्ट्र (United Nations) द्वारा वर्ष 1954 में बच्चों के अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना तथा उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ एवं शिक्षित वातावरण प्रदान करने के प्रति समाज को जागरूक करना है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है, इसलिए यह दिवस बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के महत्व को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। विश्व मानवाधिकार अनुसंधान परिषद् (WHRRC) के सदस्य इस अवसर पर बाल अधिकार जागरूकता शिविर, बच्चों हेतु शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर, जनजागरूकता रैली एवं सामाजिक सहायता कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों को बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल श्रम निषेध एवं बाल शोषण से सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की जा सकती है। सदस्य स्कूलों, अनाथालयों, बाल संरक्षण संस्थाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बच्चों के लिए प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं। जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, पुस्तकें, पेन, स्कूल बैग, कपड़े अथवा खाद्य सामग्री भी वितरित की जा सकती है। इसके अतिरिक्त "सुरक्षित बचपन – उज्ज्वल भविष्य" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सोशल मीडिया जागरूकता अभियान भी चलाए जा सकते हैं। बच्चों के विकास एवं संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों, समाजसेवियों, स्वयंसेवकों अथवा सहयोगकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र / सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जा सकता है। आयोजक टीम को कार्यक्रम दिवस से लगभग 8 दिन पूर्व एक बैठक आयोजित कर अध्यक्ष एवं सचिव का चयन कर लेना चाहिए, ताकि उनके मार्गदर्शन में कार्यवितरण, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं आवश्यक फंड की व्यवस्था की जा सके। सफल कार्यक्रम आयोजन, समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित कराना तथा राष्ट्रीय कार्यालय तक कार्यक्रम की जानकारी पहुँचाना अध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम के पश्चात संगठन के बैनर सहित आयोजित कार्यक्रम के स्पष्ट फोटोग्राफ, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों की प्रतियाँ, कार्यक्रम से संबंधित प्रेस नोट तथा कार्यक्रम में शामिल सदस्यों के नामों की सूची (राज्य समिति के किसी पदाधिकारी द्वारा सत्यापित) राष्ट्रीय कार्यालय को भेजना अनिवार्य होगा, ताकि कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक सदस्य के प्रोग्रेस कार्ड में 5 अंक जोड़े जा सकें। यदि कार्यक्रम का आयोजन किसी शासकीय कार्यालय के सहयोग से किया गया हो, तो संबंधित कार्यालय द्वारा जारी प्रशंसा पत्र अथवा सहयोग प्रमाण-पत्र भी संलग्न करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त सभी दस्तावेज राष्ट्रीय कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पते INFO@WHRRC.ORG पर भेजना अनिवार्य है।

रश्मि बाला
सचिव

MS RASHMI BALA
SECRETARY

HELPLINE: +91 8510888811
E-MAIL: INFO@WHRRC.ORG

WORLD HUMAN RIGHTS RESEARCH COUNCIL

DEDICATED TO HUMAN RIGHTS

SN: 0117112026 **DATE: 17/11/2026**

PUBLIC NOTICE

World Children's Day, 20 November | World Children's Day was initiated by the United Nations in 1954 to spread awareness about children's rights, safety, education, and a better future. The main objective of this day is to protect children's rights and make society aware of the importance of providing children with a safe, healthy, and educated environment. Every child has the right to live with education, healthcare, safety, and dignity; therefore, this day provides an opportunity to strengthen awareness about child rights and child protection. Members of the World Human Rights Research Council (WHRRC) can organize child rights awareness camps, educational and cultural programs for children, health check-up camps, awareness rallies, and social support activities on this occasion. During the program, children and parents may be informed about child rights, child safety, right to education, cyber safety, prohibition of child labor, and protection from child abuse. Members can visit schools, orphanages, child protection institutions, and rural areas to organize motivational activities for children. Study materials such as notebooks, books, pens, school bags, clothes, and food items may also be distributed to needy children. In addition, drawing competitions, poster campaigns, cultural programs, and social media awareness campaigns may be conducted on the theme "Safe Childhood – Bright Future". Teachers, social workers, volunteers, and contributors who have made outstanding contributions in the field of child development and protection may be honored with certificates of appreciation. The organizing team should hold a meeting approximately 8 days before the program date and select a President and Secretary so that responsibilities can be distributed properly, the program structure can be prepared, and the required funds can be arranged with everyone's cooperation. Ensuring the successful organization of the program, publishing the news in local newspapers, and sending the program details to the national office shall be the responsibility of the President. After the completion of the programme, it is mandatory to submit clear photographs of the event featuring the organization's banner, copies of news articles published in newspapers, a press note, and a list of members who participated in the programme, duly verified by an office-bearer of the State Committee, so that 5 points can be added to the Progress Card of each participating member. If the programme was organized with the support of any government office, an appreciation letter or certificate of support issued by the concerned office must also be submitted. All the above-mentioned documents must be sent to the National Office via the official email address info@whrrc.org.

Rashmi Bala
Secretary